# BHUVAN MALTI TEACHERS' TRAINING COLLEGE

**Recognized by-NCTE Bhubaneswar, NCTE Code-ERCAPP1413**

**B.Ed./ERCAPP2465 -D.El.Ed.**

**Affiliated to Aryabhatta Knowledge University Patna & Bihar School Examination Board, Patna**

## E-NEWS BULLETIN

**5th EDITION**

**(OCTOBER 2022 to DECEMBER 2022)**

**B.Ed. & D.El.Ed.**




**At- Basatpur Bada Tola Post- Rupdih , Motihari East Champaran Bihar-845401**

**Mob- 9128959035,7250403409,7091193650**

***A unit of Tarkeshwar Narayan Agrawal Educational & Social Welfare Foundation, Ara,***







*Editor*

*Mr. Anjani Kumar Gupta*
*Asst. Prof.*
*B.M.T.T.C. Motihari*

*Chief Editor*

*Dr. Piyus Raj Prabhat*
*Principal*
*B.M.T.T.C. Motihari*

*Patron*

*Dr. K. M. Agrawal*
*Secretary*
*B.M.T.T.C. Motihari*

# भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मोतिहारी में पूर्व संध्या पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन

दिनांक 01-02-2022 को महाविद्यालय में महात्मा गाँधी की जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम प्राचार्य डॉ0 पीयूष राज प्रभात कुमार तथा के कार्यालय अधीक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार के द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के तैल्य चित्र पर माल्यापर्ण किया गया । प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में बताया कि महात्मा गांधी जी को आज पूरा देश याद कर रहा है । बापू के चरणों में मेरा नमन है । देश की आजादी में गांधी जी की तथा शास्त्री जी के योगदान के बारे में सभी को बताया ।









# महाविद्यालय में "लोकनायक जयप्रकाश नारायण" की जयंती मनाई गई

दिनांक 11-10-2022 को भुवन  मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मोतिहारी में "लोक नायक जयप्रकाश नारायण" की जयंती पर उनके चित्र पर प्राचार्य, प्राध्यापक एवं प्रशिक्षुओं द्वारा पूष्पार्जन और दीप प्रज्वलन किया गया । सभी प्रशिक्षुओं ने जयप्रकाश नारायण के जीवनवृत पर अपने- अपने विचार प्रस्तुत किये । प्राचार्य डॉ॰ पीयूष राज प्रभात के द्वारा बताया गया कि  जयप्रकाश नारायण भारतीय स्वतंत्रता  सेनानी और राजनेता थे । प्राध्यापकों में श्री मनोज कुमार तिवारी, डॉ0 चन्द्र प्रकाश, डॉ0 नवदीप रंजन, श्री अमित कुमार, श्री प्रभात कुमार, सुश्री कुमारी रूपम, श्रीमती खुशबू कुमारी श्रीमती  कुमकुम देवी, लोकनायक जयप्रकाश के जीवनवृत पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम का सचालन श्री अंजनी कुमार गुप्ता द्वारा गया ।










# भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मोतिहारी में डॉ॰ ए॰ पी॰ जे॰ अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई

दिनांक 15.10.2022 को महाविद्यालय में दोपहर 01:30 बजे से डॉ॰ ए॰ पी॰ जे॰ अब्दुल कलाम जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ॰ पीयूष राज प्रभात तथा समस्त प्राध्यापकों के द्वारा डॉ॰ ए॰ पी॰ जे॰ अब्दुल कलाम के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करके तथा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सरस्वती वंदना सुचित्रा कुमारी एवं काजल कुमारी द्वारा प्रस्तुत द्वारा प्रस्तुत किया गया । स्वागत गान श्वेता चौधरी तथा जुली कुमारी द्वारा प्रस्तुत किया गया । प्राचार्य द्वारा प्रशिक्षुओं को कलाम जी शैक्षिक अभिप्रेरणा दायक विचारों को बताया । प्रशिक्षुओं एवं सहायक प्राध्यापकों ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये ।








# महाविद्यालय में तारकेश्वर नारायण अग्रवाल जी की पुण्यतिथि पर "जल संरक्षण" कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दिनांक 16.10.2022 को भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मोतिहारी में प्रातः 10:00 बजे से "तारकेश्वर नारायण अग्रवाल" जी की पुण्यतिथि के अवसर पर "जल संरक्षण" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ० पीयूष राज प्रभात तथा प्राध्यापकों के द्वारा माँ सरस्वती, माता भारती एवं स्व0 तारकेश्वर नारायण अग्रवाल जी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यालय अधीक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि श्री तारकेश्वर जी की तमन्ना थी कि इस बसतपुर बाड़ा टोला में एक ऐसी शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जाये, जिससे यहाँ के बच्चों को प्रशिक्षण के लिए कही और न जाना पड़े। उनके इस सपना को पूरा करने हमारे सचिव महोदय डॉ० कृष्ण मुरारी अग्रवाल के द्वारा प्रयास किया गया, जिससे आज उनका सपना इस महाविद्यालय के रूप में साकार हुआ है। प्राचार्य डॉ० पीयूष राज प्रभात के द्वारा स्व0 तारकेश्वर नरायण अग्रवाल जी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालने के बाद जल संरक्षण के बार में बताया गया तथा प्रशिक्षुओं की रैली को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। सभी प्रशिक्षु हाथ में पोस्टर लेकर घर-घर जाकर सुधीजनों को बताया कि हमें अब पानी को प्रदूषित होने से बचाने की आवश्यकता है, क्योंकि पानी का स्तर अब काफी नीचे जा चुका है । कार्यक्रम का संचालन सह-संयोजक श्री अंजनी कुमार गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में प्राध्यापक श्री मनोज कुमार तिवारी, डॉ० चन्द्र प्रकाश, श्री अमित कुमार, श्री प्रभात कुमार, श्री मणिन्द्र प्रताप सिंह, सुश्री कुमारी रूपम, श्रीमती खुशबू कुमारी, श्रीमती कुमकुम देवी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में निधि कुमारी, निभा कुमारी, विक्रांत कुमार तथा अंकित राज ने सराहनीय योगदान दिया।





# भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मोतिहारी में "दीपोत्सव" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

दिनांक 21-10-2022 को महाविद्यालय में दीपोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी प्रशिक्षुओं के द्वारा रंगोली, दीपक, प्लेट तथा घड़ा सजाकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षुओं द्वारा सुन्दर-सुन्दर रंगों से रंगोली दीपक, प्लेट तथा घड़ा की सजावट की गई। प्राचार्य डॉ॰ पीयूष राज प्रभात द्वारा बताया गया कि ऐसे कार्यक्रम करने का उद्देश्य है आज के युवाओं के बीच अपनी संस्कृति का हस्तांरण करना। इस प्रकार की कला संबंधित क्रियाओं का महाविद्यालय में आयोजन कराने से प्रशिक्षुओं को नई-नई सामग्रियों को बनाने का अधिगम प्राप्त होता है। इस प्रतियोगिता में बी0 एड0 प्रथम वर्ष बी0 एड0 द्वितीय वर्ष तथा डी0 एल0 एड0 द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु शामिल हुए । निर्णायक मंडल के सदस्य सहायक प्राध्यापकों ने विजेता प्रशिक्षुओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किया । कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका श्रीमती खूशबु कुमारी के द्वारा किया गया।







# महाविद्यालय मोतिहारी में "गुरु नानक" जयंती का आयोजन

दिनांक 08-11-2022 को भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मोतिहारी में "गुरू नानक" जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ० पीयूष राज प्रभात के द्वारा माता सरस्वती, माता भारती तथा गुरू नानक जी के छायाचित्र पर माल्यापर्ण किया गया। बी0 एड0 प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा गुरू नानक जी के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि गुरु नानक जी के विचारों से समाज में परिवर्तन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सभी प्राध्यापकों ने अपने- अपने विचार प्रस्तुत किये ।






# बाल दिवस तथा  पं॰ जवाहर लाल नेहरू जयंती के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

दिनांक 14-11-2022 को महाविद्यालय में पं॰ जवाहर लाल नेहरू के जयंती तथा बाल दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बी0 एड0 तथा डी0 एल0 एड0 के प्रशिक्षुओं के द्वारा इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया । प्रशिक्षुओ ने 'सर्व शिक्षा अभियान' थीम पर अलग-अलग प्रकार की चित्रकारी के द्वारा अपनी चित्रकला कौशल का परिचय दिया। इस थीम के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने 'सब पढें सब बढें' के द्वारा जागरूकता का प्रसार किया। प्राचार्य एवं प्राध्यापकों के द्वारा सभी प्रतिभागियों के कार्यों का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात प्रथम द्वितीय तथा तृतीय विजेता के प्रशिक्षुओं का चयन किया गया। ऑनलाइन के माध्यम सचिव डॉ0 कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने सभी प्रशिक्षुओं को बाल दिवस की शुभकामना देते हुए बताया कि पं0 जवाहर लाल नेहरू हर बच्चे को भारत का भविष्य मानते थे। इसलिए उनका मानना था कि उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाना चाहिए और उन्हें शिक्षित किया जाना चाहिए। प्राचार्य डॉ0 पीयूष राज प्रभात ने बताया कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अपने एक प्रसिद्ध भाषण में कहा था ।  आज के बच्चे कल का भारत होंगे। जिस तरह से हम उनका पालन-पोषण करेंगे उससे देश का भविष्य तय होगा। सभी प्राध्यापकों ने कार्यक्रम में अपने विचारों से प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन किये । कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक श्री अंजनी कुमार गुप्ता तथा प्राध्यापिका श्रीमती खुशबू कुमारी के द्वारा किया गया।










# भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मोतिहारी में 'आपदा प्रबन्धन' (भूकम्प रोधी) जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दिनांक 25-11-2022 को प्रातः 11:00 बजे से महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्री पिन्टु कुमार (CO, मोतिहारी) प्राचार्य डॉ० पीयूष राज प्रभात तथा समस्त प्राध्यापकों के द्वारा माता सरस्वती एवं माता भारती के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। बी० एड० के प्रशिक्षुओं के द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य के द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र तथा मोमेन्टो देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री पिन्टु कुमार ने कहा कि आदिकाल से ही मनुष्य अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए प्रकृति से संघर्ष करता रहा है। मनुष्य ने सभी क्षेत्रों में भले ही उल्लेखनीय प्रगति कर ली हो लेकिन प्राकृतिक आपदाएं आज भी विश्वमानव के नियंत्रण से बाहर हैं। भारत का अधिकांश क्षेत्र ऐसा है जो विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित रहता है। प्राचार्य ने बताया कि दुर्घटनाओं में असमय जिस मनुष्य की मृत्यु हो जाती है उस व्यक्ति की पूर्ति करना असम्भव है। इन आपदाओं में भूकम्प, अग्निकांड बाढ़ सूखा आदि शामिल है। इसलिए सरकारी विभागों के अलावा जिला की सभी समाजसेवी संस्थाओं को जहां आपदाओं के प्रति लोगो को जागरूक करना चाहिए वहीं इन आपदाओं में लोगो की सेवा करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। प्राध्यापक में श्री मनोज कुमार तिवारी ,डॉ० चन्द्र प्रकाश, डॉ० नवदीप रंजन ,श्री अमित कुमार ,श्री प्रभात कुमार, डॉ० सत्यप्रकाश दास सुश्री कुमारी रूपम, श्री मणिन्द्र प्रताप सिंह ,श्री मनोज कुमार महतो, श्रीमती खुशबू कुमारी, श्रीमती कुमकुम देवी ने अपने- अपने विचार प्रस्तुत किया। शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में श्री सत्येन्द्र कुमार, श्री सत्यकाम, श्री विक्रांत कुमार, सुश्री निधि कुमारी तथा श्रीमती निभा कुमारी ने अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक श्री अंजनी कुमार गुप्ता ने किया।



# महाविद्यालय में 'संविधान दिवस' मनाया गया

दिनांक 26-11-2022 को भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मोतिहारी में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बी0 एड0 प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष तथा डी0 एल0 एड0 के प्रशिक्षुओं के द्वारा भारतीय संविधान दिवस पर विचार प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में बताया कि हमारे राष्ट्र के संविधान के अनुसार नागरिकों के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने और उसकी जानकारी देने के उद्देश्य से हर वर्ष यह संविधान दिवस मनाया जाता हैं। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं एवं शैक्षिक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहें।








# भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मोतिहारी में 'रोजगार मेला' का आयोजन किया गया

दिनांक 30-11-2022 को भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मोतिहारी में महाविद्यालय के सचिव डॉ॰ कृष्ण मुरारी अग्रवाल के संरक्षण और प्राचार्य डॉ॰ पीयूष राज प्रभात के नेतृत्व में प्लेसमेंट सेल द्वारा पूर्ववर्ती प्रशिक्षुओं हेतु विभिन्न विद्यालयों में सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्ति हेतु एक कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया । आज के इस साक्षात्कार में पांच विद्यालय जिसमें, जीवन पब्लिक स्कूल मोतिहारी, द चन्द्रशीला स्कूल मोतिहारी, इरा प्रेप पब्लिक स्कूल मोतिहारी, जानकी विद्या निकेतन सीतामढ़ी, आर्य विद्या पीठ मोतिहारी विद्यालयों ने भाग लिया। विभिन्न विद्यालयों के विशेषज्ञ टीम के द्वारा लगभग 50 प्रशिक्षुओं का साक्षात्कार हुआ, जिसमें से प्रथम चरण मे 25 प्रशिक्षुओं का चयन संबंधित विद्यालयों में हुआ है । शेष लोगों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है, जिन्हें बाद में सूचित किया जाएगा। विभिन्न स्कूल से आये हुए प्रबंधक और प्राचार्य ने प्रशिक्षण महाविद्यालय के ऐसे प्रयास को सार्थक पहल बताया । महाविद्यालय की मानव संसाधन मैनेजर सुश्री आकांछा सिंह एवं सह-संयोजक श्री प्रभात कुमार ने इस कार्यक्रम हेतु अथक प्रयास किया तथा सभी चयनित विद्यार्थियों को प्राचार्य ने बधाई दिया।








# महाविद्यालय में 'डॉ० राजेंद्र प्रसाद जी' की जयंती मनाई गई

दिनांक 03-12-2022 को भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में डॉ० राजेन्द्र प्रसाद जी की जयन्ती मनाई गई। सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय एवं शिक्षक बन्धुओ ने माता सरस्वती, माँ भारती एवं डॉ० राजेन्द्र प्रसाद जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन करते हुए दीप प्रज्वलन किए। तत्पश्चात प्रशिक्षुओं द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया। बी० एड० एवं डी० एल०एड० के प्रशिक्षुओं ने देश के प्रथम राष्ट्रपति के विषय उनके जीवनी, शिक्षा एवं देश के प्रति प्रेम से सम्बंधित अपने विचारों को प्रस्तुत किया। इसके साथ-साथ महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकों ने प्रशिक्षुओं के समक्ष प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए जो डॉ० राजेन्द्र प्रसाद जी के संघर्ष से सम्बन्धित था। अन्त में प्राचार्य महोदय ने अपने सम्बोधन में बताया कि हमारे देश के प्रथम राष्ट्रपति महान स्वतन्त्रता सेनानी भी थे जो देश के आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किए थे। इसके साथ-साथ संविधान के निर्माण में बहुमूल्य योगदान इन्होंने दिया। सभी सहायक प्राध्यापकों ने अपने- अपने शैक्षिक विचार प्रस्तुत किये ।






# भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मोतिहारी में 'मानवाधिकार दिवस' का आयोजन किया गया

दिनांक 10-12-2022 दिन शनिवार को महाविद्यालय में 'मानवाधिकार दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी० एड० एवं डी० एल० एड० के प्रशिक्षु उपास्थित रहे। सर्वप्रथम प्रशिक्षुओं ने अपना अपना विचार प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ० चन्द्र प्रकाश एवं डॉ० नवदीप रंजन ने मानवाधिकार के विषय परिचयात्मक वर्णन किया, श्री मनोज कुमार तिवारी, सुश्री रूपम ने मानवाधिकार के सिद्धांत तथा श्री प्रभात कुमार, श्रीमती कुमकुम देवी ने मानवाधिकार के प्रकार को प्रशिक्षुओं के समक्ष प्रस्तुत किया। अन्त में श्री अमित कुमार एवं श्रीमती खुशबू कुमारी ने महत्व को बताते हुए मानवाधिकार को वृहत रूप से समझाया। कार्यक्रम का संचालन श्री अंजनी कुमार गुप्ता ने किया ।











# भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्‌यालय मोतिहारी में 'स्काउट एंड गाइड' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

महाविद्‌यालय में स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । यह प्रशिक्षण दिनांक 12-12-2022 से दिनांक 14-12-2022 तक स्काउट एंड गाइड ट्रेनर श्री कमलेश कुमार तथा श्री भानुप्रताप जी के द्‌वारा संचालित किया गया । सर्व प्रथम सभी प्रशिक्षुओं को टोली में विभाजित किया गया जिसमें उनकी टोली का नाम रानी लक्ष्मीबाई, सरोजनी नायडू, भगत सिंह, कल्पना चावला, मदर टरेसा, सुभाष चन्द्र बोस, स्वामी विवेकानन्द रखा गया । सभी टोलियों ने अपना अलग-अलग कैम्पिंग करके देश सेवा, सामाजिक सेवा, सहभागिता एवं सहयोग की भावना विकसित किया । महाविद्‌यालय के प्राचार्य डॉ० पीयूष राज प्रभात सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया । सहायक प्रध्यापक में श्री मनोज कुमार तिवारी, श्री अंजनी कुमार गुप्ता, डॉ० चन्द्र प्रकाश, श्री अमित कुमार, डॉ० नवदीप रंजन, श्री प्रभात कुमार सुश्री कुमारी रूपम, श्री मणिन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती खुशबू कुमारी, श्रीमती कुमकुम देवी तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में श्री सत्येन्द्र कुमार, श्री सत्यकाम, सुश्री निधि कुमारी, श्री विक्रांत कुमार, श्रीमती निभा कुमारी उपस्थित रहीं ।









## भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मोतिहारी में महाविद्यालय के सचिव महोदय के जन्मदिन पर, Local Achievers Award Programme का आयोजन

भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सचिव डॉ० कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी के जन्मोत्सव के अवसर पर (Local Achiever Award Programme) का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। दीपोत्सव कार्यक्रम तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छः प्रशिक्षुओं, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पांच प्रशिक्षुओं तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पांच प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय की संरक्षिका श्रीमती मालती देवी, प्राचार्य डॉ० पीयूष राज प्रभात तथा कार्यालय अधीक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। सहायक प्रध्यापक में श्री मनोज कुमार तिवारी, डॉ० चन्द्र प्रकाश, श्री अमित कुमार, डॉ० नवदीप रंजन,श्री मणिन्द्र प्रताप सिंह, श्री प्रभात कुमार, श्रीमती खुशबू कुमारी, श्रीमती कुमकुम देवी तथा सुश्री कुमारी रूपम तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में श्री सत्यकाम, सुश्री निधि कुमार, श्री विक्रांत कुमार, श्रीमती निभा कुमारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक श्री अंजनी कुमार गुप्ता ने किया।










# महाविद्यालय में 'क्रिसमस डे' का आयोजन किया गया

दिंनाक 24-12-2022 को "क्रिसमस डे" के पूर्व संध्या पर भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में क्रिसमस से मनाया गया । सर्वप्रथम बी० एड० तथा डी० एल० एड० के प्रशिक्षुओं के द्वारा Santa Claus and Christmas Tree बनाकर एक- दुसरे को बधाई दी । प्राचार्य डॉ० पीयूष राज प्रभात के द्वारा सभी को बताया गया कि 'क्रिसमस' या 'बड़ा दिन' ईसा मसीह या यीशु के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। सभी ने टोफिया एक- दुसरे को देकर हर्षोल्लास के साथ इस कार्यक्रम को ख़ुशी-ख़ुशी मनाकर घर चले गये ।




